दिनांक 22 नवंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में 71283 लोगों ने कराया अब तक इलाज , स्वास्थ्य शिविर को लेकर लोगों में गजब का उत्साह , प्रतिदिन बड़ी संख्या में इलाज कराने पहुंच रहे लोग
- शिविर स्थल का आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे लगातार कर रहे हैं निरीक्षण

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर का लगातार निरीक्षण कर रहे है। चिकित्सकों से दवाइयों के स्टॉक की तथा किस प्रकार की दवाइयों का वितरण अधिक किया जा रहा है इस प्रकार की जानकारियों से अवगत हो रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर में लोगों का गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है, प्रतिदिन 400 से अधिक हितग्राही शिविर में लाभान्वित हो रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर में शुगर , हिमोग्लोबिन, डब्ल्यूबीसी, आरबीसी, प्लेटलेट्स ब्लड ग्रुपिंग एवं अन्य आवश्यक जांच के लिए रक्त परीक्षण कराने के उपरांत कुछ ही समय में मरीजों को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है। रक्त परीक्षण उपरांत बहुत अधिक समय तक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। उल्लेखनीय है कि शिविर में अनुभवी चिकित्सकों के अलावा लैब टेक्नीशियन भी उपलब्ध है। जो लैब में टेस्ट कर इसकी रिपोर्ट मरीजों को शीघ्र उपलब्ध करने का कार्य कर रहे है।

जनसंपर्क अधिकारी